चिकित्सा अधीक्षक, मानसिक रोग अस्पताल शाहदरा, दिल्ली के विरुद्ध भ्रष्टाचार के कथित आरोप

6212. **श्री राम लाल राही :**

श्री राम विलास पासवान : क्या **स्वास्थ्य और परिवार** कल्याण मंत्री मानसिक रोग अस्पताल शाहदरा में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बारे में 4 नवम्बर, 1982 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3992 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चिकित्सा अधीक्षक, मानसिक रोग अस्पताल शाहदरा, दिल्ली के विरुद्ध कोई जांच कराई गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मोहसिना किदवई) : (क) से (ग) तथाकथित अनियमितताओं को देखते हुए इस संस्था के खातों की लेखा परीक्षा करने के लिए दिल्ली प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई विशेष लेखा परीक्षा दल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दीहै। इस रिपोर्ट को दृष्टिगत रखते हुए दिल्ली प्रशासन इस मामले का अध्ययन कर रहा है।

गर्भ निरोध के लिए पूर्वी कालिंगटन में पाए गए एक पौधे की जड़

6213. **श्री रामलाल राही :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इन्डोनेशिया के पूर्वी कालिंगटन में पाए गए एक पौधे की जड़ें गर्भ निरोध के लिए उपयोगी हैं : जैसा कि दिनांक 2 नवम्बर, 1982 के "आज" में समाचार छपा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का देश की बढ़ती हुई जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिए इस जड़ का आयात करने का विचार है ; और

(ग) यदि हाँ, तो यह कब तक भारत में आ जाएगी और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ;

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मोहसिना किदवई) : (क) इस बारे में सरकार को कोई जानकारी नहीं है।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते।

विभिन्न राज्यों में डाक्टरों द्वारा डिग्रियाँ जलाया जाना

6214. **श्री रामलाल राही :**

श्री रीत लाल प्रसाद शर्मा : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि देश के विभिन्न राज्यों में कुछ डाक्टरों ने रोजगार प्राप्त करने में असमर्थ होने पर अपनी डिग्रियां जला दी हैं ; और

(ख) यदि हां, तो अर्हता प्राप्त डाक्टरों को नियुक्त न किए जाने के क्या कारण हैं जब कि चिकित्सकों की कमी भी है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मोहसिना किदवई) : (क) और (ख) सरकार को इस बारे में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। जन स्वास्थ्य का